## संपादकीय

# न शिक्षा, न सुरक्षा

यह व्यवस्था का मजाक ही है कि स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा संवर्धन व अध्ययन के बजाय सुरक्षा तथा अनुकूल शैक्षिक सुविधाओं के लिये आंदोलन चलाना पड़े। दो वर्ष पूर्व रेवाड़ी के एक छोटे से गांव की छात्राएं धरने पर बैठी थीं कि उनके स्कूल का उच्चीकरण किया जाये। उनकी शिकायत थी कि उन्हें बड़ी कक्षाओं में पढ़ाई के लिये दूसरे गांव जाना पड़ता है और रास्ते में शोहदे उन्हें छेड़ते हैं और फब्तियां कसते हैं। उन्होंने गांव के स्कूल में बड़ी कक्षाएं चलाने की अनुमति मांगी ताकि उन्हें सुरक्षा-सुकून मिल सके। छात्राओं का आंदोलन सफल हुआ। उसके बाद आंदोलन क्षेत्र के अन्य गांवों तक भी फैला। अब ऐसी ही मांग मानेसर के निकट एक स्कूल की छात्राओं की तरफ से उठी है। लोफरों की छेड़छाड़ से तंग छात्राओं ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट से स्कूल के बाहर सुरक्षा की मांग की है। उनका कहना है कि स्कूल आने-जाने के वक्त लफंगे तंग करते हैं। स्कूल में कोई सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं रहता। कैसी विडंबना है कि छात्राओं की जायज मांगों के प्रति शिक्षा विभाग आंखें मूंदे बैठा है। जिन छात्राओं को पठन-पाठन और खेलों से अपनी प्रतिभा को निखारते हुए आगे बढ़ना था, वे भय-असुरक्षा में जी रही हैं। ऐसे माहौल में बच्चियों को प्रतिभा निखारने का मौका नहीं मिल रहा है। शिक्षा विभाग के लिये भी यह लानत की बात है कि स्कूली छात्राओं का उनकी प्रशासनिक क्षमताओं से भरोसा ही उठ गया और वे न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को मजबूर हुई हैं। वैसे भी राज्य में लगातार बढ़ती यौन हिंसा व अपराध की घटनाओं में निरंतर वृद्धि से असुरक्षा बोध बढ़ रहा है, जिसे शासन-प्रशासन गंभीरता से नहीं ले रहा है।

निःसंदेह जागरूकता बढ़ने से नई पीढ़ी के छात्र-छात्राएं स्थिति यथावत बनाये रखने के पक्ष में नहीं हैं। वे शिक्षा के अनुकूल माहौल चाहते हैं। पर्याप्त सुरक्षा चाहते हैं। यही वजह है कि सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या में गिरावट देखी जा रही है। मानेसर के गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर स्कूल की छात्राओं की चिंताओं से सहमत हुआ जा सकता है। उन्हें स्कूल आने-जाने के अलावा आउटडोर खेलों के लिये जाने पर लोफरों से असुरक्षा महसूस होती है। असुरक्षा बोध के चलते ही लड़कियां आगे की पढ़ाई के लिये दूर जाने से कतराती हैं और घर बैठना पसंद करती हैं। अपनी गरिमा व सुरक्षा के लिये छात्राओं का अदालत का दरवाजा खटखटाना शिक्षा विभाग के लिये भी शर्म की बात है। छात्राओं का सुरक्षा व सुविधा के लिये संघर्ष करना सरकार व समाज के लिये चिंता का विषय होना चाहिए। पढ़ाई बीच में छूटने से तमाम प्रतिभाएं खिलने से पहले ही मुर्झा जाती हैं। वहीं हरियाणा के ग्रामीण इलाकों में कई स्कूल ऐसे हैं जहां मूलभूत शिक्षा सुविधाओं का नितांत अभाव है। कहीं शिक्षकों की नियुक्ति नहीं है तो कहीं स्कूल का भवन नहीं है और बच्चे गर्मी, सर्दी व बरसात में पेड़ों के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। मेवात के मोहम्मद बास स्थित गवर्नमेंट मिडल स्कूल में शिक्षकों के दो पद स्वीकृति के बावजूद दो वर्ष से खाली पड़े हैं। अकेले प्रधानाध्यापक 108 छात्रों को पढ़ाते हैं। यदि उन्हें किसी काम से बाहर जाना होता है तो स्कूल का सफाई कर्मचारी छात्र-छात्राओं की देखभाल करता है। वहीं पिछले दिनों बरसात के मौसम में झज्जर के एक गांव के बच्चे स्कूल भवन के अभाव में पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ते नजर आए। स्कूल का भवन दो वर्ष से जर्जर अवस्था में है, मगर आश्वासनों के बावजूद नये भवन का निर्माण नहीं हो रहा है। निःसंदेह, शिक्षा विभाग की लापरवाही से विद्यार्थियों का भविष्य चौपट हो रहा है। यही वजह है कि अभिभावक अपने बच्चों को सरकारी स्कूल से निकालकर निजी स्कूलों में भर्ती कर रहे हैं।

# अब विश्व की सातवीं सबसे बड़ी इकॉनमी है भारत

नईदिल्ली (आरएनएस)। भारत के सिर से दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था का ताज छिन गया है। अर्थव्यवस्था की दृष्टि से भारत सातवें पायदान पर पहुंच गया है। भारतीय अर्थव्यवस्था के साल 2018 में सुस्त रहने की वजह से भारत को अब बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ा है। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक साल 2018 में ब्रिटेन और फ्रांस की अर्थव्यवस्था में भारत के मुकाबले ज्यादा ग्रोथ रिकॉर्ड की गई, जिस वजह से इन दोनों ने एक-एक पायदान का छलांग लगाया है। ब्रिटेन 5 पांचवें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि छठे स्थान पर फ्रांस काबिज हो




गया है। जिस वजह से भारत पांचवें स्थान से खिसक कर सातवें पायदान पर आ गया है। इस लिस्ट में अमेरिका टॉप पर बरकरार है।

आंकड़ों के मुताबिक, भारत की अर्थव्यवस्था साल 2018 में महज 3.01 फीसदी बढ़ी, जबकि इसमें साल 2017 में 15.23 फीसदी का इजाफा देखा गया था। इसी तरह ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 2018 में 6.81 फीसदी बढ़ी। जिसमें साल 2017 में महज 0.75 फीसदी का उछाल आया था। इसके अलावा अगर फ्रांस की बात करें तो साल 2018 में इसकी अर्थव्यवस्था 7.33 फीसदी बढ़ी, जो कि साल 2017 में सिर्फ 4.85 फीसदी बढ़ी थी। इस तरह भारतीय अर्थव्यवस्था 2017 के मुकाबले 2018 में सुस्त रही, जिस वजह से भारत इस रैंकिंग में पिछड़ गया।

विश्व बैंक के ताजा आंकड़ों को देखें, तो 2018 में ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था बढ़कर 2.82 ट्रिलियन डॉलर हो गई, जबकि फ्रांस की अर्थव्यवस्था 2.78 ट्रिलियन डॉलर तक बढ़कर हो गई। वहीं भारत की अर्थव्यवस्था साल में 2.73 ट्रिलियन डॉलर तक ही पहुंच पाई।

गौरतलब है कि साल 2017 में भारत (तकरीबन 18 हजार खरब) के सिर यह ताज सजा था। जबकि ब्रिटेन छठे स्थान पर और फ्रांस 7वें पायदान पर काबिज था। अर्थशास्त्रियों की मानें तो भारत के सातवें स्थान पर पिछड़ने के पीछे डॉलर के मुकाबले रुपये का कमजोर होना सबसे बड़ी वजह है।

साल 2017 में डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन फीसदी का उछाल आया था। लेकिन साल 2018 में डॉलर के मुकाबले रुपया करीब 5 फीसदी तक लुढ़क गया। गौरतलब है कि मोदी सरकार ने अगले पांच सालों में भारतीय अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने की बात कही गई है। ऐसे में विश्व बैंक का ये ताजा आंकड़ा परेशान करता है।

## ट्रंप की नयी शुल्क घोषणा ने वैश्विक बाजारों को किया बदहाल

न्यूयॉर्क (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चीन के सामानों पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की घोषणा ने वैश्विक बाजारों को धराशायी कर दिया है। इसके कारण वाल स्ट्रीट लाल निशान में चला गया, कच्चे तेल में भारी गिरावट देखने को मिली और अमेरिका के सरकारी ऋणपत्रों से मिलने वाला वित्तीय प्रतिफल गिर गया। ट्रंप ने चीन के 300 अरब डॉलर के सामानों पर




10 प्रतिशत का अतरिक्त शुल्क लगाने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। फेडरल रिजर्व द्वारा बुधवार को एक दशक से भी अधिक समय में पहली बार ब्याज दर घटाने के बाद बाजार पहले ही दबाव में था। ट्रंप की घोषणा ने निवेशकों की परेशानी और बढ़ा दी। अधिकांश अमेरिकी सूचकांक बृहस्पतिवार को कारोबार के दौरान एक प्रतिशत से अधिक तेजी में चल रहे थे। ट्रंप के ट्वीट के बाद स्थिति ठीक उलट हो गयी। घोषणा के बाद डाउ जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 1.1 प्रतिशत गिर गया। खुदरा कंपनियों पर सबसे बुरा असर देखने को मिला। बेस्ट बाय 10.8 प्रतिशत, टारगेट 4.4 प्रतिशत और मैकीज 6.7 प्रतिशत लुढ़क गयी। अमेजन और वालमार्ट के शेयरों में भी गिरावट देखने को मिली। अमेरिका के सरकारी ऋणपत्रों से मिलने वाले वित्तीय प्रतिफल में भी गिरावट देखने को मिली। यह वृद्धि का परिदृश्य नरम होने का संकेत है। शुल्क की घोषणा के बाद कच्चे तेल में भारी गिरावट देखने को मिली।

## ब्रायन लारा ने कहा इंग्लैंड जीतेगी एशेज



नई दिल्ली। वेस्टइंडीज के महान बल्लेबाज ब्रायन लारा का कहना है कि विश्व कप विजेता इंग्लैंड ही इस बार प्रतिष्ठित एशेज सीरीज का खिताब जीतेगी। लारा ने यह भी भविष्यवाणी की कि इंग्लैंड के कप्तान जोए रूट पांच मैचों की इस सीरीज में सबसे अधिक रन बनाएंगे और तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स सबसे अधिक विकेट लेंगे। लारा ने गुरुवार को ट्वीट किया, एशेज 2019 के लिए मेरी भविष्यवाणी, विजेताः इंग्लैंड, सबसे अधिक रनः जोए रूट; सबसे अधिक विकेटः क्रिस वोक्स। गुरुवार को पहले टेस्ट मैच के पहले दिन स्टीव स्मिथ के शानदार शतक की मदद से आस्ट्रेलिया ने 284 रन बनाए। स्मिथ ने टेस्ट क्रिकेट में शानदार वापसी की और 144 रनों की धमाकेदार पारी खेली।

## पेट्रोल के भाव लगातार दूसरे दिन घटे, डीजल के दाम स्थिर



नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल के दाम शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन घट गए जबकि डीजल के भाव में लगातार तीसरे दिन स्थिरता बनी रही। देश की राजधानी दिल्ली में इन दो दिनों में पेट्रोल 17 पैसे लीटर सस्ता हो गया है।

तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल के भाव में शुक्रवार को दिल्ली में 11 पैसे, कोलकाता में सात पैसे जबकि मुंबई और चेन्नई में आठ पैसे प्रति लीटर की कटौती की। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बीते सत्र में कच्चे तेल के भाव में छह फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई जिससे ब्रेंट क्रूड का भाव 65 डॉलर प्रति बैरल से लुढ़क कर 60 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया है। ब्रेंट क्रूड में करीब पांच डॉलर प्रति बैरल की गिरावट आई।

## मानव का शानदार प्रदर्शन, मुम्बा ने मेवरिक्स को दी मात

» अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग

नई दिल्ली। मानव ठक्कर ने गुरुवार को अल्टीमेट टेबल टेनिस लीग (यूटीटे) के तीसरे सीजन में दो मैच जीतकर अपनी टीम यू-मुम्बा टेटे को आरपी-एसजी मेवरिक्स कोलकाता को 9-6 से खिलाफ जीत दिलाई। मुम्बा की टीम अपने पहले दोनों मैच हार गई थी लेकिन फिर मानव ने मिश्रित युगल में और फिर पुरुष एकल में जीत हासिल कर अपनी टीम को मैच में वापस ला दिया।

सुर्तिथा मुखर्जी ने आखिरी मैच जीत मुम्बा को जीत दिलाई। पहले



मैच में कोलकाता की माटिल्डा इखोल्म ने मुम्बा की डू होई केम को 2-1(11-5, 3-11, 11-8) से हरा दिया। पुरुष एकल के अगले मैच में मुम्बा के किरिल गेरामिसमेंको को कोलकाता के बेनेडिक्ट डुडा के हाथों 1-2 (10-11, 11-10, 7-11) से हार दिया। कोलकाता के पास 4-2 की बढ़त थी और अगला मुकाबला मिश्रित युगल का था। यहां मानव अपनी महिला जोड़ीदार केम के साथ उतरे थे।

इस जोड़ी ने कोलकाता की सनिल शेट्टी तथा इखोल्म की जोड़ी को 3-0 (11-10, 11-6, 11-7) से मात दे मुम्बा के खाते में 3 अंक डाले। मानव ने फिर पुरुष एकल वर्ग के मैच में सनिल को 2-1 (11-8, 11-9, 10-11) से पटक मुम्बा को 7-5 से आगे कर दिया। महिला एकल वर्ग के आखिरी मैच में सुर्तिथा ने मनिका बत्रा को 2-1 (11-7, 11-7, 1-11) से हार मुम्बा को इस सीजन की दूसरी जीत दिलाई।

## यूरोपीय बंदरगाहों को स्थाई पर्यटन को विकसित करने की आवश्यकता

वेनिस (आरएनएस)। पालमा दी मलोरका, मार्सेल और बार्सिलोना आदि यूरोपीय बंदरगाहों के प्रमुखों को नॉर्थ एड्रियाटिक सी पोर्ट अथॉरिटी के अध्यक्ष पिनो मुसोलिनो ने वेनिस में मिलने के लिए बुलावा है। इस दौरान वे उनसे क्रूज उद्योग के आर्थिक और पर्यावरणीय प्रभाव पर विचार करने के साथ ही समुद्री पर्यटन के लिए एक नए स्थायी दृष्टिकोण के लिए दिशानिर्देश तैयार करने को लेकर चर्चा करेंगे।

इस निमंत्रण को पहले ही कुछ



बंदरगाह प्रमुखों द्वारा स्वीकार कर लिया गया है। वहीं कुछ की स्वीकृति जल्द मिलने की उम्मीद है। नॉर्थ एड्रियाटिक सी पोर्ट अथॉरिटी ने अपने बयान में कहा है कि वेनिस में होने वाली इस मुद्दे पर चर्चा की तारीख जल्द तय कर ली जाएगी। मुसोलिनो ने कहा, मैंने उन सभी यूरोपीय शहरों को लिखा है जिनके पास क्रूज जहाज पर्यटन का वेनिस के समान समान अनुभव है और उन्हें पर्यावरण पर ध्यान देने के साथ आर्थिक विकास को संतुलित करना है। इसके अलावा क्षेत्र के साथ एक मजबूत संबंध स्थापित करते हुए रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है।

## वेलपारी ने संभाला हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स के निदेशक का कार्यभार

बेंगलुरू (आरएनएस)। एम.एस.वेलपारी ने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के निदेशक (परिचालन) का पद संभाल लिया है। उन्होंने सुनील कुमार की जगह ली। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वेलपारी 1985 में प्रबंधन प्रशिक्षु के तौर पर जुड़े थे। वह फिलहाल एलसीए-तेजस विभाग में परियोजना प्रमुख का काम देख रहे थे। उन्होंने आईआईटी मद्रास से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक किया है। उनके पास विनिर्माण, असेंबली, डिजाइन, उत्पाद समर्थन, ग्राहक समर्थन, स्वदेशीकरण तथा अन्य प्रबंधन कार्यों का अनुभव है।

## आज का राशिफल

मेषः- आज मन की एकाग्रता में कमी आ सकती है। वाद-विवाद से बचें। क्रोध पर नियंत्रण रखें। धन निवेश एवं स्थायी संपत्ति के मामले में योजना बना सकते हैं।

वृषभः- व्यावहारिक कार्यों को निपटाने के लिए आज का दिन शुभ है। पराक्रम में वृद्धि का दिन है। मान-प्रतिष्ठा का लाभ मिल सकता है।

मिथुनः- व्यापारियों को कारोबार में वृद्धि होने के साथ-साथ धन का लाभ भी मिलेगा। उच्च अधिकारियों की शुभदृष्टि से कार्यक्षेत्र में प्रगति होगी।

कर्कः- दिन का आरंभ मानसिक सबलता एवं शांतिपूर्वक वातावरण से होगा। कहीं से आर्थिक लाभ मिलेगा। मित्रों और संबंधियों से सहयोग मिलेगा।

सिंहः- आज का दिन आपके लिए मध्यम फलदायी रहेगा। आचार-विचार पर संयम बरतने तथा अनैतिक कार्यों से दूर रहने की सलाह गणेशजी सलाह देते हैं।

कन्याः- सामाजिक दृष्टि से आज आपको यश-कीर्ति और मान-सम्मान प्राप्त होगा। आकस्मिक धन लाभ होगा। नए कार्य शुरू करने के लिए महत्वपूर्ण दिन रहेगा।

तुलाः- अपने सभी कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूर्ण कर सकेंगे। सामाजिक क्षेत्र में ख्याति मिलेगी। काम का दबाव बना रहेगा व्यस्त रहेंगे।

वृश्चिकः- ईश्वर भक्ति और आध्यात्मिक चिंतन से आज आपके मन को शांति मिलेगी। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।


धनुः- आज परिवार में प्रतिकूल वातावरण का आपके स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर न पड़े इसका विशेष ध्यान रखें। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं।

मकरः- जीवनसाथी के साथ व्यवहार अधिक मधुरतापूर्ण रहेगा। मित्रों के साथ घूमने का कार्यक्रम बना सकते हैं। भाइयों एवं स्नेहीजनों के साथ सम्बंध अच्छे रहेंगे।

कुंभः- आज आपका मन चिंता मुक्त रहेगा। आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आर्थिक लाभ और सामाजिक मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

मीनः- यदि आप अपने बुद्धि-विवेक से कार्य करेंगे तो सफलता निश्चित मिलेगी। आज मन से नकारात्मक विचारों को निकाल देने की सूचना ग्रह-नक्षत्र दे रहे हैं।

## आलू की लौंजी बनाने की विधि ...



### आवश्यक सामग्री

टुकड़ों में कटे हुए 4 आलू, बारीक कटी हुई 1 प्याज, बारीक कटी हुई 2 हरी मिर्च, टुकड़ों में कटा हुआ 2 टमाटर,1 छोटा चम्मच साबुत काली मिर्च ,2 बड़ी इलायची,1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर,1 छोटा चम्मच हल्दी,1 तेजपत्ता,चुटकीभर हींग,चुटकीभर चीनी,नमक स्वादानुसार ,1/2 छोटा चम्मच नींबू का रस ,सरसों का तेल जरूरत के अनुसार ,पानी जरूरत के अनुसार, 1 बड़ा चम्मच पत्ते वाला हरा धनिया।

### विधि

दोस्तो सबसे पहले काली मिर्च और बड़ी इलायची को पीसकर इसका पाउडर बना लें। मीडियम आंच में एक पैन में तेल गरम करने के लिए रखें। तेल के गरम होते ही हींग, तेजपत्ता, प्याज और कुटा हुआ मसाला डालकर भूनें। आलू और हरी मिर्च डालकर कड़छी से चलाते हुए भूनें। आलू के हल्का भुनते ही टमाटर, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर मिलाएं। जैसे ही टमाटर थोड़े से सॉफ्ट हो जाएं, चीनी और नींबू का रस मिलाएं। जब चीनी पानी छोड़ने लगे तब पानी डालें और सब्जी को ढककर 5 मिनट तक पकाएं। तय समय के बाद ग्रेवी के गाढ़ा होते ही आंच बंद कर दें। तैयार है आलू की लौंजी। हरे धनिये से गार्निश कर सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 44

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | बि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 44

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक ग सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.43 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |